GM

नाम................................

रोल न०......................

# Halfyearly Examination – 2026-27

## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

## (साहित्यिक हिन्दी)

समयः 3.15 घंटे          कक्षा-12          पूर्णांक :100

नोट:- (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(ii) इस प्रश्न में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है।

---

### खण्ड-क

1. (क) हिंदी साहित्य के किस काल को 'स्वर्ण युग' कहा जाता है? 1

(i) आदिकाल          (ii) भक्तिकाल

(iii) रीतिकाल          (iv) आधुनिक काल

(ख) आदिकाल का नाम 'वीरगाथा काल' किस इतिहासकार ने रखा है- 1

(i) हजारी प्रसाद द्विवेदी          (ii) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(iii) शान्तिप्रिय द्विवेदी          (iv) रामचन्द्र शुक्ल

(ग) कल्पवृक्ष निबन्ध-संग्रह के लेखक है- 1

(अ) गुलाबराय          (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(स) वासुदेवशरण          (द) रामचन्द्र शुक्ल

(घ) 'अष्टयाम' रचना के लेखक हैं- 1

(अ) नाभादास          (ब) रामप्रसाद निरंजनी

(स) जटमल          (द) विठ्ठलनाथ

(ङ) प्रेमचंद किस युग के लेखक हैं - 1

(अ) द्विवेदी युग          (स) स्वातन्त्र्योत्तर युग

(ब) भारतेन्दु युग          (द) शुक्ल युग

2. (क) 'भारत भारती' के रचनाकार हैं- 1

(अ) जयशंकर प्रसाद          (ब) मैथिलीशरण गुप्त

(स) महादेवी वर्मा          (द) निराला

(ख) 'कामायनी' की विधा है- 1

(अ) महाकाव्य     (ब) नाटक     (स) उपन्यास     (द) कहानी

(ग) 'पृथ्वीपुत्र' के रचनाकार हैं- 1

(अ) मोहन राकेश (ब) डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल

(स) हरिशंकर परसाई (द) हरिवंश राय बच्चन

(घ) 'निज भाषा की उन्नति अहँ, सब उन्नति को मूल' उक्ति के लेखक है- 1

(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब) बालकृष्ण भट्ट

(स) यशपाल (द) जगन्नाथदास रत्नाकर

(ङ) प्रियप्रवास के रचनाकार हैं- 1

(अ) महादेवी वर्मा (ब) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध

(स) जयशंकर प्रसाद (द) सुमित्रानन्दन पन्त

3. निम्न गद्याशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

धरती माता की कोख में जो अमूल्य निधियाँ भरी है, जिनके कारण वह वसुन्धरा कहलाती है. उससे कौन परिचित न होना चाहेगा? लाखो-करोडो वर्षों में अनेक प्रकार की धातुओं को पृथ्वी के गर्भ में पोषण मिला है। दिन-रात बहने वाली नदियों ने पहाड़ों को पीस-पीसकर अगणित प्रकार की मिट्टियों से पृथ्वी की देह का सजाया है। हमारे भावी आर्थिक अम्युदच के लिए इन सबकी जाँच-पड़ताल अत्यन आवश्यक है।

(क) उक्त गद्याश के पाठ का शीघ्रक और लेखक का नाम लिखिए। 2

(ख) धरती को वसुन्धरा क्यों कहते है? 2

(ग) किसने पृथिवी की देह को सजाया है? 2

(घ) हमारे आर्थिक विकास के लिए क्या आवश्यक है? 2

(ङ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

अथवा

मातृभूमि पर निवास करने वाले मनुष्य राष्ट्र का दूसरा अंग हैं। पृथिवी हो और मनुष्य न हो तो राष्ट्र की कल्पना असम्भव है। पृथिवी और जन दोनों के सम्मिलन से ही राष्ट्र का स्वरूप सम्पादित होता है। जन के कारण ही पृथिवी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है। पृथिवी माता है और जन सच्चे अर्थों में पृथिवी का पुत्र है।

(क) राष्ट्र की कल्पना कब असम्भव है? 2

(ख) पृथिवी और जन दोनों मिलकर क्या बनाते है? 2

(ग) पृथिवी कब मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है? 2

(ङ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखो। 2

4. निम्न पद्यांश पर आधारित नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो।

कहते आते थे यही अभी नर देही,
माता न कमाता पुत्र कपुत्र भले ही।
अब कहे सभी हाय विरुद्ध विधाता,
'है पुत्र पुत्र ही, रहे कुमाता माता' ।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक तथा कवि का नाम लिखो। 2

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या करो। 2

(ग) कैकेयी ने किसे अपने विरुद्ध बताया है? 2

(घ) नरदेही अभी तक क्या कहते आ रहे थे? 2

(ङ) कैकेयी के दुष्कृत्य को देखकर लोग अब क्या कहेंगे? 2

अथवा

जाते-जाते अगर पथ में क्लान्त कोई दिखावे।
तो जाके सन्निकट उसकी क्लान्तियों को मिटाना।
धीरे-धीरे परस करके गात उत्ताप खोना।
सद्गंधों से श्रमित जन को हर्षितों सा बनाना।
लज्जाशील पथिक महिला जो कहीं दृष्टि आये।
होने देना विकृत-वसना तो न तू सुन्दरी को। जो
थोड़ी मी श्रमित वह हो गोद ले श्रान्ति खोना।
होंठों की औ कमल मुख की म्लानताएँ मिटाना ।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम लिखिए। 2

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या लिखिए। 2

(ग) कमल मुख में कौन-सा अलंकार है? 2

(घ) राधा पवन को क्लांत व्यक्ति के सम्बन्ध में क्या रामझाती है? 2

(ड) राधा ने पवन को पथिक महिला के साथ कैसा व्यवहार करने के लिए निर्देश दिया? 2

5. (अ) निम्न लेखकों में से किसी एक का साहित्यिक परिचय लिखिए। 2+3=5

(अ) डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) डा० वा सुदेवशरण अग्रवाल

(स) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी

(ब) निम्न कवियों में से किसी एक की काव्यगत विशेषताए लिखिए। 2+3=5

(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) सुमित्रानन्दन पंत (ग) 'हरिऔध'

6. पंचलाइट कहानी की कथा संक्षेप में लिखिए। 5

अथवा

गोधन का चरित्र-चित्रण लिखिए। (अधिकतम 80 शब्द)

7. स्वपठित खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग का कथानक लिखिए। 5

अथवा

स्वपठित खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

## खण्ड-ख

8. (क) निम्न संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी अनुवाद लिखिए। 7

याज्ञवल्क्यो मैत्रेयीमुवाच मैत्रेयि ! उद्द्यास्यन् अहम् अस्मात् स्थानादस्मि । ततस्तेऽनया कात्यायन्या विच्छेदं करवाणि इति। मैत्रेयी उवाच-यदीयं सर्वा पृथ्वी वित्तेन पूर्णा स्यात् तत् किं तेनाहममृता स्यामिति। याज्ञवल्क्य उवाच-नेति।

अथवा

धन्योऽयं भारत देशः यत्र समुल्लसति जनमानसपावनी भव्य भावोदमाविनी, शब्द-सन्दोह-प्रसविनी सुरमारती। विद्यमानेषु निखिलेष्वपि वाड्मयेषु अस्याः वाड्मय सर्वश्रेष्ठं सुसम्पन्न च वर्तते। इयमेव भाषा संस्कृतनाम्नापि लोकै प्रथिता अस्ति।

(ख) निम्न में से किसी एक श्लोक का सन्दर्म सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए। 7

न मे रोचते मदं वः उलूकस्याभिषेचनम्।
अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं क्रुद्धो भविष्यति ।।

अथवा

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम् ।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ।।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए। 4

(क) संस्कृत साहित्यस्य आदिकविः कः आसीत्?

(ख) विद्याप्राप्यर्थ विद्यार्थिनः किं त्यजेत?

(ग) खलस्य विद्या किमर्थ भवति?

10. (क) शान्त रस अथवा हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) उपमा अथवा यमक अलंकार की परिमाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ग) चौपाई अथवा सोरठा छन्द की परिमाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए।

(क) साहित्य और समाज (ब) पर्यावरण प्रदूषण

(ग) विज्ञान के बढ़ते कदम (द) मेरा प्रिय कवि

12. (क) (i) पो + अकः की सन्धि विच्छेद - 1

(अ) पोअकः (ब) पावकः (स) पावाक

(ii) 'स्वागतम' का रान्धि विच्छेद है- 1

(अ) स्वा + गतम (द) सो + आपतम् (स) सु+आगतम्

(iii) 'पुस्तकालयः' में सन्धि है- 1

(अ) व्यंजन सन्धि (ब) स्वर सन्धि

(स) यण सन्धि (द) विसर्ग सन्धि

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक का विग्रह करके समास का नाम लिखिए। 2

(अ) घनश्यामः (ब) कृष्णसर्पः (स) प्रत्येकम्

13. अपने जनपद के जिलाधिकारी को अपने क्षेत्र में होनेवाली गुण्डागर्दी क सम्बन्ध में एक पत्र लिखिए। 8

अथवा

शहर में फैली संक्रामक बीमारी की तरफ जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करने लिए आवेदन पत्र/प्रार्थना पत्र लिखिए।

14. (क) (i) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के धातु एवं प्रत्यय का योग स्पष्ट कीजिए। 1

(अ) कृतः (ब) गतः (स) दत्वा

(ii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का प्रत्यय लिखिए- 1

(अ) दुष्टः (ब) श्रीमान (स) गुणवान

(ख) रेखांकित पदों में से किसी एक पद में प्रयुक्त विभक्ति तथा सम्बन्धित नियम का उल्ले ख कीजिए- 2

(अ) प्रजाभ्यः स्वस्ति।

(ब) शिक्षकैः समम् ।

(स) ग्रामं परितः वृक्षाः सन्ति ।